### एक नजर में

## उर्वरक वितरण व्यवस्था होगी पारदर्शी और सुलभ

**सिवनी मालवा 31 मार्च 2026,** सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय ऑडिटोरियम हाल में कृषि विभाग द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल तथा ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम एसडीएम विजय राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मैदानी अमला शामिल हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सहायक संचालक कृषि एवं मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र राठौर ने एग्रीस्टेक पोर्टल की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमिधारी किसान, वन अधिकार पट्टा धारक, ट्रस्ट पट्टा वाले किसान, सिकमी किसान, मृत किसानों के उत्तराधिकारी (जिनकी भूमि का नामांतरण लंबित है), शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्ध किसान तथा संयुक्त खाताधारक किसान इस पोर्टल पर पंजीयन कराकर ई-टोकन के माध्यम से खाद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था के तहत उर्वरक वितरण को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाया जाएगा, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी।

# इटारसी का जलस्तर 25 फीट नीचे

### अभी से पानी के लिए भटक रहे नागरिक, अभी दो महीने भीषण गर्मी के बाकी

**पुनीत दुबे**

**इटारसी,31 मार्च** शहर में जल संकट गहराने लगा है। धरती की कोख सूखने लगी है। जल स्तर तेजी से गिर रहा है। हैंड पंप, और ट्यूबवेल या तो रुक रुक कर पानी दे रहे हैं या बिलकुल बंद हो चुके हैं। इटारसी की स्थिति पर पिछले दिनों जिला कलेक्टर भी चिंता जताते अधिकारियों को जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए हैं,पर स्थानीय नगर पालिका के अधिकारी और जन प्रतिनिधि बेफिक्र है ।

इस विषय में नगर पालिका अधिकारी की टिप्पणी काबिल-ए-गौर है कि यह तो हर साल की समस्या है.. क्या किया जा सकता है? फिलहाल ज्यादा संकट वाले क्षेत्रों में पानी पहुंचने की फौरी कवायद की जा रही है।

करोड़ों की लागत की और महत्त्वाकांक्षी जलावर्धन योजना ठप पड़ी हुई है, उसके नीले पाइप इटारसी के नागरिकों के प्यासे कंठो को चिढ़ा रहे हैं। शहर के 34 वार्डों में प्रमुख रूप से बाजार क्षेत्र, महर्षि नगर, तिरूपति नगर बैंक कालोनी सोनासांवरी नाका, सूरजगंज मालवीयगंज, काबड मोहल्ला, पुरानी इटारसी क्षेत्र टेक्टर स्कीम, पीर गेट के अलावा वार्ड क्रं 33 और 34 में जल संकट गहरा गया है. और आने वाले समय में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है.



नगरपालिका प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है. उनका कहना है कि यह समस्या हर वर्ष होती है. वैकल्पिक व्यवस्था के लिये पीने का पानी सप्लाई किया जा रहा है जिसमें आम नागरिक अपने पीने के पानी की जुगाड में टेंकर का इंतजार करते हैं. वह सुबह 5 बजे से लेकर रात के 12 बजे तक टैंकर की राह में अपना समय व्यतीत करते हैं. सरकारी आंकडे बता रहे हैं कि नपा प्रशासन के 278 नल कूपों में से लगभग 110 नलकूप बंद हो गये वहीं 280 से अधिक निजी नलकूप भी लगभग बंद हो चुके है. क्योंकि उनका जलस्तर लगभग 25 फिट नीचे तक जा चुका है.

इस कारण पानी की समस्या दिनों दिन बढ रही है. नहर बंद होने के बाद और आयेगी पानी की आयेगी समस्या तब जल स्तर में और अधिक कमी आयेगी. जानकारों का कहना है कि नहरों के चलते इस समस्या पर काबू पा लिया लेकिन नहर बंद होने के बाद स्थिति और अधिक खराब हो जायेगी.

**50 करोड़ की जलावर्धन योजना का स्वाद नहीं चखा इटारसीवासियों ने**

वर्ष 2016 में जलावर्धन योजना की पहली किश्त 26 करोड की आयी थी उसके बाद लगातार 50 करोड रूपये की राशि पानी की टंकी बनाने एवं पाईप लाईन बिछाने में खर्च हो गये लेकिन जलावर्धन योजना के पानी का स्वाद भी नहीं चख पाए इटारसी के नागरिक. योजना में सिर्फ पानी की टंकी और लोगों के घरों तक लगे नीले पाईप ही दिखाई दे रहे हैं लेकिन पानी का अता-पता नहीं.

**पानी की समस्या के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे** ने बताया कि यह समस्या तो हर साल आती है और चली जाती है. उन्होंने नई योजना या शहरवासियों को पीने के पानी की उपलब्धता कराने के लिये कोई बात स्वीकार्य नहीं की. जबकि कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में अधिकारियों की मीटिंग में इटारसी में गिर रहे जल स्तर के संबंध मे तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये थे और कहा था कि अधिकारी कोई भी बहाना न बनाएं.

## श्रीदास हनुमान जन्मोत्सव का महापर्व

**150 वर्षों की आस्था, 50 वर्षों की परंपरा: गोलापुरा राम मंदिर में श्री दास हनुमान जन्मोत्सव का दिव्य महापर्व**

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 31 मार्च** शहर के गोलापुरा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर एक बार फिर भक्ति, आस्था और सनातन परंपरा के भव्य संगम का साक्षी बनने जा रहा है। लगभग 150 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत को संजोए यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है, जहां बीते करीब 50 वर्षों से निरंतर श्री दास हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पंडित उत्तम तेंगुरिया ने बताया कि गोलापुरा का श्री राम मंदिर हरदा की धार्मिक धरोहरों में विशेष स्थान रखता है। लगभग डेढ़ शताब्दी पूर्व स्थापित यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति परंपराओं का जीवंत उदाहरण भी है। यहां आयोजित होने वाला हनुमान जन्मोत्सव पिछले 50 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस वर्ष भी यह दिव्य आयोजन 1 अप्रैल से 2 अप्रैल 2026 तक अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल, बुधवार को प्रात: 10 बजे से 24 घंटे के अखंड राम नाम कीर्तन के साथ होगी। साथ ही नर्मदा जल से श्री हनुमान जी का अखंड अभिषेक भी पूरे 24 घंटे तक चलता रहेगा। रात्रि 8 बजे सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि 2 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। 2 अप्रैल, गुरुवार को प्रात: 6 बजे जन्म आरती के साथ उत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। इसके पश्चात प्रभात फेरी कीर्तन निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में लीन होकर नगर भ्रमण करेंगे। दिनभर पूजन-अर्चना का क्रम जारी रहेगा, वहीं सायं 6 बजे विशेष श्रृंगार, 7 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



## किसानों का यह समय बेबसी का : बाबू चौधरी

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 31 मार्च** किसानो की गेहूं फसलों की एमएसपी पर खरीदी की बार बार बढ़ाई गई तारीखों को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय व नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर केंद्र और प्रदेश भाजपा सरकार को घेरा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय ने बयान में कहा कि गेहूँ फसल की एमएसपी खरीद पर तारीख पर तारीख से किसान बेहद हैरान,परेशान है मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के 'तुगलकी' फरमान से उत्पीडित है.नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने कहा कि किसान विरोधी मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों को पूरी तरह से बेसहारा छोड़ दिया है! आज जब किसान की फसल खलियानो पर खुले में पड़ी हुई है तब सरकार एमएसपी पर खरीदी हेतु लगातार देरी कर रही है! पहले कहा कि 30 मार्च से खरीदी की जाएगी फिर कहा कि 1 अप्रैल से एमएसपी पर गेहूं की फसल खरीदी जाएगी और अभी हाल ही में एक परिपत्र जारी किया की खरीदी अब 10 अप्रैल एवं 15 अप्रैल से की जाएगी! आज जब मौसम विभाग लगातार चेतावनी जारी कर रहा है की मध्यप्रदेश में तेज हवाएं,पानी और ओले गिरने की संभावना है किसानों के लिए यह समय पूरी तरह से लाचारी,बेबसी का है. कांग्रेस पार्टी की सरकार से मांग है की तत्काल किसानों की गेहूं की फसल एमएसपी पर खरीदे और प्रदेश के किसानों को इस विषम परिस्थिति से बाहर निकाले.



## विमुक्त घुमक्कड़ विभाग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने अर्जुन

**इटारसी** - आज जिला कॉंग्रेस कार्यालय में कॉंग्रेस विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति विभाग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर अर्जुन कुचबंदिया को मनोनीत किया जाने पर जिला कॉंग्रेस कार्यालय मे जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की उपस्थित मे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अर्जुन कुचबंदिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष शिवाकान्त गुड्डन पांडेय के साथ नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता एवं इंटक के जिला अध्यक्ष शेख रमजान, जिला कॉंग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, राजेन्द्र गोस्वामी, अनूप गाचले, पिंटा भदरेले आदि हैं.

## जनसुनवाई में 47 आवेदनों का हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/31,मार्च,2026/** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन ने आमजन की समस्याओं का परीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया7 जनसुनवाई में आए 47 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बनखेडी निवासी बसंती बाई ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार रसूलिया निवासी भावेश श्रोती ने उनके स्वर्गीय पिता जो कि जनजातीय कार्य विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ थे,उनकी मृत्यु के पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने जनजाति कार्य विभाग अधिकारी को शीघ्र नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में बनखेडी निवासी दौलत सिंह पटेल ने सीमांकन कराये जाने हेतु आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने सम्बन्धी अधिकारी को शीघ्र सीमांकन करने के लिए निर्देशित किया।

**पिपरिया** नवनियुक्त एल्डर मेनो का विधायक कार्यालय में स्वागत किया गया। विधायक कार्यालय में नवनियुक्त एल्डरमेन राजेश जायसवाल,नागेश शुक्ला,नीरज साहू,लखन आनंदानी,सुनीता उदेनिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी,नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल,वरिष्ठ भाजपा नेता नवनीत नागपाल,पूर्वजिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

## दुर्घटनाओं को रोकने ट्रालियों पर लगाए रेडियम

**पिपरिया** मंगलवारा पुलिस ने ट्रालियों पर चैकिंग कर दुर्घटनाओं को रोकने रेडियम लगाये। पिपरिया क्षेत्र में लगातार हो रही एसडीओपी मोहित कुमार यादव के निर्देशन में मंगलवारा टीआई गिरीश त्रिपाठी व स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन के नेतृत्व में एसआई एमएस बट्टी सहित पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख मार्गो, कृषि उपजमंडी सहित विभिन्न स्थानो पर पहुंच ट्रेक्टर ट्रालियों में रेडियम लगाये.

## नगर में परशुराम जयंती पर धूमधाम से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 31 मार्च 2026,** सिवनी मालवा तहसील में सर्व ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक एकजुटता के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जयंती को इस वर्ष धूमधाम और भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बैठक का आयोजन श्रीराम-जानकी राधाकृष्ण मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष एवं बड़ी संख्या में युवा विप्र बंधु उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भगवान परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने समाज में एकजुटता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। विप्र बंधुओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जयंती को भव्य स्वरूप दिया जाएगा और शोभायात्रा को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जाएंगी। आयोजन की रूपरेखा तय करने एवं जिम्मेदारियों के वितरण के लिए शीघ्र ही अगली बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। सभी वर्गों से अपील कि है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सुझाव देंवे.

## गैस सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी

**हरदा,** देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास गैस सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने गैस, बिजली और पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि कम करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। साथ ही एसडीएम अशोक डहेरिया को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि जिले मे गैस की काला-बाजारी की जा रही है जिस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की महती आवश्यकता है । पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले ने बढती गैस की किमतों व अन उपलब्धता पर चिंता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि बिजली की बढी हुई दरों को कम किया जाए ।

## प्रमाण-पत्र फर्जी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/31,मार्च,2026/** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता के अभिप्रमाणन के लिए निर्देश जारी किए हैं। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समस्त जिला प्रमुख नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि जिले में शासन की योजनाओं का लाभ देने से पहले दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यता का सत्यापन अनिवार्य होगा। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा और लाभ वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ लेने पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 द्वारा कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें धारा 89 अनुसार प्रथम उल्लंघन पर 10 हजार रुपये तक का दंड और पुनरावृत्ति पर 50 हजार से 5 लाख रुपये तक का दंड शामिल है। तथा लाभार्थी को धारा 91 में 2 वर्ष तक का कारावास है.

## पुस्तक मेले के लिए दुकान आवंटन आज

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/31,मार्च,2026/** शासकीय एसएनजी उ0मा0वि0 नर्मदापुरम में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन 02 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि मेले के व्यवस्थित रूप से संचालन हेतु जिले के समस्त पुस्तक विक्रेता, स्टेशनरी विक्रेता, स्कूल ड्रेस विक्रेता तथा शूज, स्कूल बैग विक्रेताओ / दुकानदारो को पुस्तक मेले में दुकानो का आवंटन शासकीय एस0एन0जी0 उ0 मा0 वि0 नर्मदापुरम में 01 अप्रैल 2026 को प्रात: 11.00 बजे से किया जाएगा।

## उत्कृष्ट परेड करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**हरदा,** डीआईजी नर्मदापुरम रेंज प्रशांत खरें द्वारा जिला हरदा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत प्रात: रक्षित केन्द्र, हरदा से की गई, जहां डीआईजी द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा जवानों की टर्नआउट, अनुशासन एवं दक्षता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट एवं बेहतर परेड प्रदर्शन करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात रक्षित केन्द्र कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एम.टी. शाखा का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध शासकीय वाहनों की स्थिति,रख-रखाव एवं उपयोगिता की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को वाहन संधारण बेहतर रखने हेतु निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के परिजनों से सौजन्य भेंट की

## हनुमान चालीसा अभियान के जरिए हिंदू एकता का दिया संदेश



**अंतरराष्ट्रीय तनाव पर तोगड़िया का बयान, बोले—सरकार संभाल लेगी हालात**

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 31 मार्च 2026,** सिवनी मालवा के प्रसिद्ध भीलटदेव धाम स्थित होटल सिन्दूर में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए देश, किसानों और अंतरराष्ट्रीय हालातों पर खुलकर अपनी बात रखी।

प्रेस वार्ता में उन्होंने सबसे पहले किसानों की समस्या को प्रमुखता देते हुए कहा कि इस समय गेहूं की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक सरकारी स्तर पर खरीदी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गेहूं की खरीदी में तेजी लाई जाए, क्योंकि बाजार में गेहूं के दाम काफी कम चल रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जहां नहर (कैनाल) की सुविधा उपलब्ध है, वहां तत्काल पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि किसान मूंग की फसल भी ले सकें। हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए तोगड़िया ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य हिंदुओं को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों के माध्यम से देशभर में अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत हर गांव और शहर में सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए परिवारों को जोड़ने और उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा में सहयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व के देशों में आपसी संघर्ष बढ़ रहा है, जिसका असर भारत में पेट्रोल और गैस की कीमतों पर पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार इन परिस्थितियों को संभालने में सक्षम है। धार्मिक मुद्दों पर उन्होंने काशी के ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर कहा कि यह मामला बिना संघर्ष के भी सुलझ सकता है। राजनीतिक संदर्भ में उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना की और कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है।

**अपनों के ही बदले सुर**

**एक स्थान पर फायर स्टेशन और कचरा प्लांट निर्माण को लेकर नहीं बनी सहमति**

# नपा की साधारण सभा में अध्यक्ष और पार्षद आमने-सामने



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 31 मार्च** नगर पालिका में सोमवार को साधारण सभा की बैठक श्रीमति भारती कमेड़िया, नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता अनिल दुबे, सीएमओ कमलेश पाटीदार की उपस्थिति में नपा सभागृह में सम्पन्न हुई। इस दौरान पार्षद अंजना पाराशर, मनोज महलवार, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, अहद खान सहित पार्षदगण उपस्थित थे। बैठक में सब चौंक गए जब नपाध्यक्ष श्रीमति भारती कमेड़िया ने कहा ग्राम रिछाडिया में जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फायर स्टेशन बनाने की बात कही तो उन्हीं की पार्टी की पार्षद श्रीमति रीना प्रजापति ने कहा नहीं वहां कचरा प्लांट लगाइयेगा। मैं वार्ड नं 2 में रहती हूं मेरे क्षेत्र के लोग मेरे पास वहां की शिकायते लेके आते हैं। जिस पर नपाध्यक्ष श्रीमति कमेड़िया ने कहा कि जो करचा है वह काफी सालों से डंप है । जो लगभग 64 हजार मीट्रिक टन है उसे निपटाने में लगभग 3.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बैठक के प्रारंभ होते ही पहले विषय जिसमें ग्राम रिछारिया पर बने कचरे प्लांट की जगह नवीन फायर स्टेशन निर्माण किये जाने के संबंध में बात की तो नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने कहां कि जब यह प्लांट अभी निरस्त ही नहीं हुआ तो वहा फायर स्टेशन का निर्माण कैसे कर सकते हैं। तो जबाब में नपाध्यक्ष श्रीमति कमेड़िया ने कहा कि हम जनता के हित में यह काम कर सकते है। वहीं वृद्धाश्रम की व्यवस्था अब नगरपालिका की जगह सामाजिक न्याय विभाग करेगा। साथ ही बैरागढ़ की रिक्त भूमि ( पटाखा बाजार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग को दी जाएगी। मध्य प्रदेश राज्य दुग्ध संघ भोपाल सांची पार्लर को 07 टप की समिति द्वारा निर्णय लेकर जगह बदल दी जाएगी ताकि वहां सिर्फ दूध की ही बिक्री हो गुटखा पान की नहीं। साथ ही नगर पालिका स्वामित्य कि अस्थायी यार्थिक लीज पर आवंटित भूमि आवासीय 84 एवं व्यवसायिक 151 कुल 235 लीजधारियों का लीज नवीनीकरण किये जाने का , वरदान काम्प्लेक्स तल मंजिल स्थित दुकानो की लीज की जाने , नेहरू स्टेडियन गैलरी स्थित पुरानी 30 दुकानो की लीज के लिए प्रस्ताव पास किया गया। वर्ष 2026-27 हेतु संपत्तिकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया । साथ ही शहर के 13 चौराहों का नामकरण किये जाने के संबंध में समिति गठित की गई। अंत में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु तैयार किया गया बजट प्रस्तुत किया गया।

**1 लाख 79 हजार रुपए लाभ का बजट पेश**

बजट में नपा ने कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। 1अरब 34 करोड़ 68 लाख 30 हजार 409 रुपए आय की अपेक्षा 134 करोड़ 66 लाख 51 हजार 381 रुपए के अनुमानित खर्च का बजट पेश किया। इसमें 1 लाख 79 हजार रुपए बचत का अनुमान है। पिछले साल 1अरब का बजट पेश किया किया था। इस मान से इस साल करीब 34 करोड़ 66 लाख रुपए का अधिक प्रावधान किया है। पीलियाखाल में एलआईजी कॉलोनी के 46 फ्लैट्स व दुकानों की नीलामी होगी। लंबे समय से खाली पड़े फ्लैट्स को लेने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा। अब नपा लागत मूल्य पर फ्लैट्स नीलाम करेगी। इसके लिए समिति गठित की है।

## चोरी के आरोपियों को पकड़ सामान व नगद राशि जप्त की

**पिपरिया** स्टेशन रोड पुलिस ने चोरी के आरोपियों को पकड़ न्यायालय पेश किया। एसडीओपी मोहित कुमार यादव के निर्देशन में स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन की टीम द्वारा 28,29 मार्च की दरम्यानी रात्रि में गश्त मे दौरान पुलिसकर्मियो को देखकर तीन व्यक्ति भागने लगे तो पुलिस कर्मियों द्वारा उनका पीछा कर उनको पकड़ा गया व कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि चोरी करने के उद्देश्य से घूम रहे थे। पूछताछ पर अपना नाम इब्राहिम उर्फ इल्लम पिता नफीसशाह टावर मौहल्ला पिपरिया,नेताराज पिता देवेन्द्र कोरव निवासी लिलवानी गाडरवाडा, असरफ खान निवासी पिपरिया,भरतू उर्फ भरत पिता श्रीराम कहार निवासी सिंधी कालोनी गाडरवाडा का होना बताया,थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई चोरी के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होने पहले भी चोरी करना स्वीकार किया। स्टेशन रोड पुलिस द्वारा आरोपियों से चार अपराधो के संबंध में चोरी करना स्वीकार किया।


**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME & DOB**

I P K Santa Kumari DOB 01/07/1946 (Old name as per kinder roll) mother of JC-273102H Rank Sub Name Raju P K of 836 DSC Pl att to CPE, Itarsi resident of Malamakkavu (Vill & PO) Pattambi (Teh), Palakkad (Dist), Kerala (State), 679554 PIN, have changed my name and DOB from P K Santa Kumari DOB 01/07/1946 to Santhakumari DOB 15/05/1951.This is the purpose of recording my new Name & DOB in all relevant documents and records.